<u>विधान सभा आश्वासन</u>

<u>संख्या-8/आठ-8/30-2-2013-01(ए0क्यू)/2013</u>

प्रेषक,

कुमार राघवेन्द्र सिंह,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम,
उत्तर प्रदेश।

परिवहन अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक 03 दिसम्बर, 2013

विषय:-उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, उन्नाव से दिनांक-30 जून, 2011 को सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के उपरान्त मिलने वाले लाभों का भुगतान अभी तक न होने से सम्बन्धित आश्वासन संख्या-102/2013 की पूर्ति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विधान सभा, सचिवालय समिति (सामान्य) अनुभाग-2 के पत्र संख्या- 901/वि0स0/आ0/102/2013, दिनांक 25-06-2013, उ0प्र0 विधान सभा की कार्यवाही दिनांक 08-03-2013 का उद्धरण एवं समिति (सामान्य) अनुभाग-2 के पत्र दिनांक 29-11-2013 की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत आश्वासन के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही की अद्यतन स्थिति से शासन को तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

<u>संलग्नक: यथोक्त।</u>

भवदीय

(कुमार राघवेन्द्र सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in